## एक नजर में

### छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया

**मोहन बड़ोदिया, 29 जुलाई.** शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय मोहन बड़ोदिया मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग और पुलिस विभाग सहित अन्य विभागीय सहयोग से मोहन बड़ोदिया के शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल के छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई. नशे से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई. बता दें खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को मोहन बड़ोदिया के शासकीय और अशासकीय स्कूलों में जाकर खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वयक श्रीमती संगीता मुजाल्दे द्वारा बालक-बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में भी बताया गया. इस दौरान विद्यालय प्राचार्य बाबूलाल पाटीदार, राजाराम मालवीय, मोहन बड़ोदिया थाने से एसआई लाखन सिंह राजपूत, अर्जुन सिंह राजपूत एवं सहित विद्यालय का स्टाफऔर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

### शिशु स्वास्थ्य के लिए सेमीनार 31 को

**शाजापुर, 29 जुलाई.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर शिशु रोग विशेषज्ञ दिल्ली डॉ. माधवी भारद्वाज द्वारा शाजापुर के गांधी हॉल में 31 जुलाई को दोपहर 3 से 5 बजे तक प्रशिक्षण कम सेमीनार का आयोजन रखा गया है. सेमीनार में शिशु स्वास्थ्य एवं ग्रोथ डेवलपमेंट मिथक और तथ्य के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी.

### 15 अगस्त के लिए उत्सव समिति की बैठक आयोजित

**शाजापुर, 29 जुलाई.** शाजापुर जिला मुख्यालय पर मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे की अध्यक्षता में स्थानीय महारानी कन्या उमावि शाजापुर में बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यक्रम के लिए पदेन अध्यक्ष रहेंगे तथा नगर के हायर सेकण्डरी स्कूल के सबसे वरिष्ठ प्राचार्य इसके सचिव होंगे. कार्यक्रम में कुल 7 दल परेड के जिसमें एनसीसी रेडक्रॉस, स्काउट आदि तथा 5 सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन होगा. उक्त कार्यक्रम में फिल्मी गाने पेरोडी आदि को सम्मिलित नहीं किया जाएगा. प्रत्येक विद्यालय को कार्यक्रम मंचन के लिए 4 मिनट का समय निर्धारित रहेगा. पीटी में लगभग 1200 बच्चे सम्मिलित होंगे. बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके अवस्थी, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य प्रवीण मंडलोई, मलक उमावि प्राचार्य सुश्री पूनम त्रिवेदी, क्रीड़ा अधिकारी बाबूलाल गोयल, बीआरसी योगेश भावसार सहित नगर के प्राचार्य सांस्कृतिक एवं पीटी प्रभारी उपस्थित थे. संचालन गोपाल कुंभकार ने किया एवं आभार योजना अधिकारी दीपक शर्मा ने माना.

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए बैठक संपन्न

**शाजापुर, 29 जुलाई.** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समारोह के आयोजन की तैयारियों के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई. बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई. कलेक्टर सुश्री बाफ्ना द्वारा सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय ध्वज की गरीमा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि ध्वज संहिता का पालन करें और ध्वजारोहण के पश्चात शाम को सूर्यास्त के पूर्व ध्वज के अवरोहण के लिए कर्मचारी की पहले से ड्यूटी लगाएं. सभी कार्यालय प्रमुख प्रात: 8 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कर अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ मुख्य समारोह में सम्मिलित हों. इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 14 अगस्त से 15 अगस्त की रात्रि तक शासकीय कार्यालयों के भवनों पर रोशनी करने के लिए भी कहा. इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर राजकुमार हलदर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी. इस मौके पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, होमगार्ड कमांडेन्ट विक्रमसिंह मालवीय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### तहसील सीमाओं को लेकर प्रस्तावों पर की चर्चा

**शाजापुर, 29 जुलाई.** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को शाजापुर जिले से संबंधित भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में चर्चा की गई. बैठक में तहसील सीमाओं के युक्तियुक्तकरण तथा शाजापुर के निकट के उज्जैन जिले के ग्रामों को शाजापुर में शामिल करने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई. इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर श्रीमती अर्चना कुमारीए, शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले व गुलाना सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार हलदर, सुश्री नेहा गंगारे व आलोक वर्मा, भू-अभिलेख अधीक्षक सुश्री अनामिका आर्य भी उपस्थित थी.


### बायपास के सर्वे को लेकर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**सोयतकलां, 29 जुलाई.** उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन सड़क निर्माण के तहत प्रस्तावित बायपास मार्ग के सर्वे को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है. मंगलवार को समीप साल्याखेड़ी गांव के बड़ी संख्या में ग्रामवासी जिला मुख्यालय आगर पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर किरण वरवड़े को सौंपा. ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान सर्वे के अनुसार, बायपास मार्ग ग्राम की आबादी से सटा हुआ निकल रहा है. उन्होंने मांग की है कि इसे कुछ दूरी पर शिफ्ट किया जाए. ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि साल्याखेड़ी की आबादी लगभग 4500 हैं. प्रस्तावित बायपास मार्ग गांव की पेयजल व्यवस्था को प्रभावित करेगा. इसमें कुएं, हैंडपंप और पाइप लाइन शामिल हैं. इसके अलावा धार्मिक स्थल, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र और मेघवाल समाज की धर्मशाला भी प्रभावित होंगे. ग्रामीणों ने चिंता जताई है कि यदि मार्ग इसी सर्वे अनुसार बना तो उन्हें अपने घरों से बेदखल होना पड़ेगा. उनके पास अन्य कोई वैकल्पिक भूमि नहीं है. ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि यदि बायपास मार्ग मात्र 100 मीटर दूर से निकाला जाए तो गांव की सभी मूलभूत सुविधाएं सुरक्षित रह सकती है. इससे किसी को विस्थापित भी नहीं होना पड़ेगा. ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि बायपास मार्ग का सर्वे पुन: कराया जाए. उन्होंने मांग की है कि मार्ग को आबादी क्षेत्र से दूर निकाला जाएए ताकि गरीबों को उजड़ने से बचाया जा सके.

### 125 जोड़ों ने सामूहिक रूप से की पूजा-अर्चना

**शुजालपुर, 29 जुलाई.** श्रीराम जानकी धाम नेमा समाज मंदिर शुजालपुर पर तीन दिवसीय अनुष्ठान में सोमवार को तृतीय दिवस पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ महा रुद्रअभिषेक किया गया. साथ ही गणेश चतुर्थी पर गणेश जी का अभिषेक किया गया. सभी कार्यक्रमों को समाजजनो द्वारा बड़े ही उत्साह से मनाया गया एवं 125 जोड़ो के द्वारा पूजन मे सहभागिता की गई. उपरोक्त सभी जानकारी नेमा समाज अध्यक्ष अंशुल् नेमा ने दी एवं सभी कार्यक्रमों में पधारे सभी समाज जनों का आत्मीय आभार व्यक्त किया गया.

### 147 मरीजों की आंखों को जांचा



**शुजालपुर, 29 जुलाई.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा स्वर्गीय देवेंद्र कुमार गेहलोत की स्मृति में उनके सुपुत्र डॉक्टर सुशील कुमार गहलोत के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया. जिसमें 147 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी, रोहिणी यादव ने कर 71 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया. केंद्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, भरतसिंह देशवाली, राजेंद्र कात्यानी, रोहित परमार, अभिनंदन परमार का सहयोग रहा. सेवा सदन द्वारा 25 अगस्त को नेत्र शिविर सरकारी अस्पताल के सामने शुजालपुर मंडी में होगा.

# छतों से गिरता प्लास्टर, बारिश में टपकता पानी और जर्जर फर्श

## जीर्ण-शीर्ण शाला को तोड़ने के आदेश, लेकिन विकल्प नहीं होने से खतरे के बीच पढ़ रहे नौनिहाल

**सुसनेर, 29 जुलाई. छतों से गिरता प्लास्टर, झूलते जंग लगे सरिये, बारिश में टपकता पानी, जर्जर फर्श में नौनिहालों का भविष्य गढ़ने को मजबूर शिक्षक, कुछ इस तरह के हाल सुसनेर ब्लॉक के अनेक शासकीय स्कूलों के भी हैं. शायद जिम्मेदार झालावाड़ जिले में पिपलोदी ग्राम में हुई घटना का इंतजार कर रहे हैं. जब तक नवीन भवन नहीं बन जाते, इन शालाओं को वैकल्पिक भवनों में संचालित करना है.**



स्कूल की छत से गिरता है प्लास्टर

नवीन भवन के लिए प्रस्ताव भेजना है, अब कब प्रस्ताव बनेगा, कब स्वीकृत होंगे और कब भवन बनेंगे, तब तक ऐसी मुसीबतों के बीच नौनिहालों को शिक्षित करना है. शासन की नजर में ब्लॉक में 16 ऐसी प्राथमिक शाला है, जो जीर्ण-शीर्ण हैं और इनको तोड़ने के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश हैं, लेकिन स्कूल अभी तोड़े नहीं गए हैं. जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर पीडब्ल्यूडी विभाग की रिपोर्ट के आधार पर जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवनों को तोड़कर उनको वैकल्पिक भवनों में संचालित करने के लिए निर्देशित किया है. नवीन भवन की पूर्ति स्थानीय एवं आपदा प्रबंधन मद, सांसद, विधायक निधि से व्यवस्था करने एवं प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया है.




जर्जर अवस्था में पहुंचा मंगीशपुरा स्कूल का भवन

### कुछ के पास कोई विकल्प भी नहीं...

जीर्ण-शीर्ण स्कूलों को वैकल्पिक तौर पर आंगनवाड़ी, अतिरिक्त कक्ष व अन्य भवन में संचालित करने के निर्देश हैं, लेकिन ब्लॉक में 6 स्कूलों के पास कोई विकल्प ही नहीं हैं. ऐसे में ये स्कूल खतरे के बीच जर्जर भवन या खुले आसमान के नीचे चलाने की मजबूरी है. 2 आंगनवाड़ी भवन, 7 अतिरिक्त कक्ष व 1 माध्यमिक शाला का विकल्प है, लेकिन ये संचालित नहीं हो रहे हैं. इनमें 250 के करीब बच्चे अध्ययनरत हैं, जो रोज अपनी जान को खतरे में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं.

### इन स्कूलों के भवन होंगे डिस्मेंटल...

ग्राम खिंदियाखेड़ी, मगिसपुर, बड़िया, गुंदलावदा, पायली, खेजड़ाखेड़ी, लोधाखेड़ी, बराई, सादलपुर, खेरिया सोयत, करकडिया, कादमी, अन्तरालिया, बाजना का खेड़ा, गुराड़ी सोयत, कन्या शाला सोयत शामिल हैं.

### इनका कहना है

*ब्लॉक की 187 में से 16 शालाओं के भवन जीर्ण-शीर्ण हैं, जिनको तोड़ने का आदेश है. इनको वैकल्पिक भवन में संचालित करना है. कलेक्टर से नवीन भवन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए है.*

***- राधेश्याम पाटीदार, बीआरसी, सुसनेर***



क्लास रूप में फर्श पर पड़ा प्लास्टर का मलवा

# ग्रामीणों ने की ग्राम आरोलिया में गौशाला चालू करने की मांग



**मोहन बड़ोदिया, 29 जुलाई. मोहन बड़ोदिया तहसील अंतर्गत ग्राम आरोलिया में बनी शासकीय गौशाला को अतिशीघ्र चालू करवाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन दिया.**

ग्रामीणों ने कहा कि गांव में आवारा मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. ग्राम पंचायत आरोलिया में कई वर्षों से गौशाला बनी हुई है, परन्तु उक्त गौशाला चालू नहीं हुई है तथा बंद पड़ी हुई है. ऐसी दशा में गांव में करीब 50 से 60 आवारा मवेशी गांव में खेतों में घुसकर फसल नष्ट कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणजानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि विगत वर्ष शाजापुर कलेक्टर अपनी टीम के साथ ग्राम में आई थी. तब भी किसानों द्वारा शासकीय गोशाला चालू किए जाने का निवेदन किया था. परंतु कलेक्टर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया. किंतु अब गांव में आवारा मवेशियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा ये मवेशी गांव मे गली-मोहल्ले में घूमते हैं तथा खेतों में जाकर किसानों की फसल नष्ट कर देते हैं, जिससे ग्रामीणजानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम आरोलिया के लोग मौजूद रहे.

### जनसुनवाई में 54 आवेदन प्राप्त

**शाजापुर, 29 जुलाई.** मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 54 आवेदन प्राप्त हुए. जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कल ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया. इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे.

# कावड़ यात्रा का मक्सी में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

## झरनेश्वर महादेव तक पहुंची 13 किलोमीटर लंबी यात्रा, कांवड़ियों ने किए भोलेनाथ के दर्शन और पूजन

**मक्सी, 29 जुलाई. ग्राम सूरजपुर पालनाखेड़ी स्थित शिव मंदिर से हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से कावड़ यात्रा में भाग लिया. यात्रा ग्राम झोंकर होते हुए मक्सी पहुंची. जहां स्टेशन रोड पर समाजजन एवं श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस अवसर पर अंकित आर्य, अजय गुप्ता, दिनेश राठौर, जय सिंह दरबार द्वारा श्रद्धालुओं को केले का प्रसाद वितरित किया गया.**

पुराने एबी रोड पर अखिल भारतीय चंद्रवंशीय खाती समाज मक्सी द्वारा यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया. स्वागत के अवसर पर मनोज गोरू पटेल, सचिन मंडलोई पोलार्ड, विशाल गोलू मंडलोई, रोहित मंडलोई, लोकेश मंडलोई, अजय मंडलोई, कन्हैया मंडलोई, आशीष मंडलोई भानेज, गोलू भावसार, धीरज मंडलोई, मयूर मंडलोई, चंद्रशेखर मंडलोई, स्वप्निल जामलिया, हुकमसिंह फौजी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे. भारतीय जनता पार्टी मक्सी मंडल द्वारा भी यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया. मंडल अध्यक्ष गोविन्द गोलू पटेल के नेतृत्व में केले वितरित किए गए और श्रद्धालुओं का फूलों से अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर महामंत्री सुनील नानू पंड्या, मंत्री दयाराम मंडलोई, संयोजक नरेन्द्र भावसार, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, मनोज पटेल, पार्षद दिलीप लोधी, हितेश भट्ट, हर्ष पटेल, मीडिया प्रवक्ता मनोज लश्कन, पार्षद विष्णु पाटीदार, पवन परिहार, सुनील जाट, कमल चौधरी एवं अर्जुन मंडलोई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कावड़ यात्रा का सफल संचालन विष्णु मंडलोई, अनिल पटेल, संतोष पटेल, कमल चौधरी, निलेश बमबार्ट और बमबार्ट ग्रुप द्वारा किया गया. यात्रा का समापन झरनेश्वर महादेव मंदिर में हुआ. जहां कावड़ियों ने बाबा भोलेनाथ एवं हनुमान जी के दर्शन कर अभिषेक एवं पूजन किया. साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया. जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की. यह 13 किलोमीटर लंबी यात्रा भक्ति, सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल बनी.





### त्रिनेत्र कावड़ यात्रा भी स्वागत...

नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को त्रिनेत्र कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत पाटीदार समाज मक्सी एवं हिंदू उत्सव समिति मक्सी के अध्यक्ष राघवेंद्र लल्लनसिंह सेंगर के नेतृत्व में किया गया. कावड़ यात्रियों के स्वागत हेतु पाटीदार समाज धर्मशाला में विशेष स्वल्पाहार व्यवस्था की गई. जहां सेंगर द्वारा कांवड़ियों को आत्मीय आतिथ्य प्रदान किया गया. यात्रा का यह आयोजन विगत कई वर्षों से पाटीदार समाज मक्सी की ओर से श्रावण मास के पावन पर्व पर कांवड़ियों के लिए विशाल भंडारा एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था के साथ किया जाता है, जो नगरवासियों के बीच धार्मिक एकता और सेवा भाव का प्रतीक बन चुका है. 29 जुलाई को आयोजित स्वागत कार्यक्रम में वर्षा, सुख-समृद्धि एवं सामाजिक सौहार्द की मंगल कामना की गई. इस अवसर पर गोविन्द गोलू पटेल, मनोज पटेल, संजय पटेल, सुनील नानू पंड्या एवं पाटीदार समाज के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ-साथ राघवेंद्र लल्लनसिंह सेंगर मित्र मंडल के सदस्यगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# गो अभयारण्य में गायों को जबरन छोड़ा, पुलिस से की गई शिकायत

## 50-60 लोग लकड़ी-डंडे लेकर आए, प्रहरियों को धमकाकर मारपीट भी की

**सुसनेर, 29 जुलाई. जनपद में स्थापित विश्व के प्रथम गो अभयारण्य में मंगलवार सुबह 10 बजे सालरिया के 50-60 लोग अपने हाथों में लकड़ी डंडे लेकर गो अभयारण्य के मुख्य गेट पहुंचे. जहां उन्होंने प्रहरियों को डरा धमकाकर मारपीट की. धमकी देकर सैंकड़ों गोवंश गो अभयारण्य का जबरन गेट खोलकर वहां खड़ी फसल को बर्बाद करते हुए गो सेवा कर रहे ग्वालों से झगड़ा करके छोड़ आएं.**

जिसकी सूचना गो अभयारण्य प्रबन्धन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस सुसनेर एवं जिला कलेक्टर आगर को की. जिसपर जिला प्रशासन के निर्देश पर श्री मिलिंद डोके आगर, बडौद, नायब तहसीलदार सुसनेर एवं पुलिस थानाधिकारी सुसनेर मय जाप्ते के साथ गो अभयारण्य पहुंचे और सालरिया ग्राम वासियों ने जो जबरन गोवंश छोड़ने का कृत्य किया उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए. गत दिनों सालरिया ग्राम पंचायत के 25-30 लोग गो अभयारण्य आकर धमकाकर गए कि हमारे गांव की गाएं लो नहीं तो हम जाली तोड़कर जबरन गायों को अन्दर घुसाएंगे.

**क्षमता से 2 हजार अधिक गाय**

इस पर गो अभयारण्य के प्रबंधक ने ग्रामवासियों के निवेदन किया कि गो अभयारण्य में 5000 गोवंश की क्षमता है और वर्तमान में 7000 से अधिक गोवंश है. 28 जून को कलेक्टर आगर की अध्यक्षता में गो अभयारण्य में हुई जिला संचालन समिति की बैठक में जिला कलेक्टर ने गो अभयारण्य प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिला प्रशासन की अनुमति के बिना गो अभयारण्य में कोई भी गोवंश नहीं लें. इसी का हवाला देते हुए गो अभयारण्य प्रबंधन ने ग्राम वासियों से आग्रह किया कि आप जिला कलेक्टर अथवा सुसनेर से लिखित में अनुमति लेकर आ जाइए, लेकिन ग्रामवासी जबरन गो वंश को गो अभयारण्य में छोड़कर चले गए. जिसके लिए गो अभयारण्य प्रबंधक ने दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की मांग की है.

### पिछले 24 घंटों में 11.3 मिमी औसत वर्षा

**शाजापुर, 29 जुलाई.** जिले में गत दिवस से मंगलवार सुबह 8 बजे तक कुल 11.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है. सर्वाधिक वर्षा तहसील कालापीपल में 19 मिमी हुई है. इसी तरह तहसील शाजापुर में 11 मिमी, मो. बड़ोदिया में 7 मिमी, शुजालपुर में 11 मिमी, गुलाना में 11 मिमी, पोलायकलां में 15 मिमी एवं अ. बड़ोदिया में 5 मिमी वर्षा हुई है. जिले में 1 जून 2025 से अब तक इस प्रकार कुल 242.5 मिमी औसत वर्षा हुई है, जबकि जिले की सामान्य वर्षा 987.7 मिमी है.

**एक नजर में** राजस्थान की घटना के बाद प्रधानाध्यापकों पर दबाव डालकर मांगा जा रहा स्कूल भवन का उपयोगिता प्रमाण पत्र

# हमारा स्कूल भवन अच्छी स्थिति में है, यहां दुर्घटना की कोई संभावना नहीं

**सुसनेर, 29 जुलाई. बारिश के मौसम में स्कूल भवनों की स्थिति का प्रमाणीकरण संस्थाओं के प्रधान अध्यापकों और हेड मास्टर से लिया जा रहा है. उन्हें यह प्रमाणीकरण देने को मजबूर किया जा रहा है कि उनके स्कूल भवन की स्थिति अच्छी है और बारिश में दुर्घटना की कोई संभावना नहीं है. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि एक शिक्षक किसी भी भवन की उपयोगिता का प्रमाण पत्र किस तरह से जारी कर सकता है.**

सूत्रों का कहना है कि राजस्थान में हुए झालावाड़ के एक स्कूल की छत गिरने के मामले से उत्पन्न परिस्थितियों के बाद शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई भी दुर्घटना हो जाती है तो अपने आप को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, जबकि 26 जुलाई रविवार के दिन शिक्षा विभाग की जिम्मेदारों ने एक गूगल मीट का आयोजन कर तमाम शिक्षकों और जिम्मेदारों से एक मीटिंग की थी उसमें सुसनेर विकासखंड के 187 स्कूलों में से लगभग 95 स्कूलों में मरम्मत की आवश्यकता शिक्षकों ने उठाई थी. इसके बाद विभाग के जिम्मेदार मामले को रफा-दफा करने में जुटे हैं. क्योंकि उनके पास ना तो स्कूलों की मरम्मत की राशि है और ना ही नए स्कूल भवनों की स्वीकृति की, क्योंकि भवन मरम्मत के लिए सालों से राशि नहीं मिली है.

### 95 स्कूलों को मरम्मत की जरूरत...

गौरतलब है कि राजस्थान की घटना के बाद 6 जुलाई को शिक्षा विभाग की जिम्मेदारों ने एक गूगल मीट का आयोजन कर शिक्षकों और जिम्मेदारों से एक मीटिंग ली थी. उसमें सुसनेर विकासखंड के 187 स्कूलों में से लगभग 95 स्कूलों में मरम्मत की आवश्यकता शिक्षकों ने उठाई थी. इसके बाद विभाग के जिम्मेदारों ने इस भवनों की मरम्मत कराने के बजाय मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया और अब तो प्राध्यापकों पर दबाव डालकर भवन का उपयोगिता प्रमाण-पत्र मांगा जा रहा है. जबकि भवन बिना मरम्मत के उपयोग करने लायक ही नहीं है.

### इंजीनियर दे सकता है उपयोगिता प्रमाण-पत्र

विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी इस कितने स्कूलों को मरम्मत की आवश्यकता है उसका सही जवाब देने से आनाकानी कर रहे हैं. इस सवाल का जवाब क्षेत्र के बीआरसी राधेश्याम पाटीदार से फोन पर लेने की कोशिश की गई. उन्होंने बात को बदलते हुए उन विद्यालयों की सूची दे दी जहां पर भवन जजर्र होने के कारण उन विद्यालयों को अन्यत्र जगह पर शिफ्ट किया गया है. कुल मिला करके जिस भवन की उपयोगिता का प्रमाण पत्र एक इंजीनियर दे सकता है उसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र शिक्षकों से हासिल करके जिम्मेदार एक अलग ही तरह का उदाहरण पेश कर रहे हैं.